

भूतपूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी के साथ कुलपति, कुलसचिव व अन्य।

# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

गोहाना, 3 जून (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव कार्यक्रम में शिरकत की। भूतपूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर होती है। आज बहुत सारी पूर्व छात्राएं देश-विदेश में महिला विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहीं है। कुलपति ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि भूतपूर्व छात्रा संघ निरंतर रूप से वर्तमान छात्राओं और संस्थान के विकास के लिए काम करता रहे। नवनिर्वाचित भूतपूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने कहा कि जो संस्कार गुरुकुल समय में उनको मिले, उन्होंने जीवन को स्वर्ग बना दिया है। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय अलुमिनी सेल के निदेशक डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि इस कार्यकारिणी का चयन निर्विरोध चुनाव के माध्यम से हुआ है। यह कार्यकारिणी दो साल तक काम करेगी। कार्यकारिणी में डॉ. किरण कलकल अध्यक्ष और डॉ. सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई।

पंजाब केसरी
WED,04 JUNE 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# पूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी को वी.सी. ने दिलाई शपथ



*पूर्व छात्रा संघ की पदाधिकारी वी.सी. प्रो. सुदेश के साथ।* (अरोड़ा)

गोहाना, 3 जून (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को पूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि वी.सी. प्रो. सुदेश और विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव रहे। डॉ. किरण कलकल ने अध्यक्ष, डॉ. सोनल बेनीवाल ने उपाध्यक्ष, डॉ. मोनिका ने सचिव और डॉ. दीपमाला यादव ने सह-सचिव पद की शपथ ली।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने नई पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि पूर्व छात्राएं महिला विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बैसडर हैं। पूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती है, जो उन्हें करना चाहिए। पूर्व छात्रा संघ की नई अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, वह बहन सुभाषिणी की डांट और दुलार की बदौलत है। जो संस्कार गुरुकुल समय में उनको मिले, उन्होंने जीवन को स्वर्ग बना दिया है।

एलुमनी सैल के निदेशक डॉ. नरेश भार्गव के अनुसार कार्यकारिणी का चयन निर्विरोध हुआ। यह कार्यकारिणी 2 साल तक काम करेगी। मंच संचालन डॉ. महेश कौशिक ने किया। इस अवसर पर डीन स्टूडैंट वैल्फेयर प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. नीलम मलिक, डॉ. कोकिला मलिक आदि भी मौजूद रहे।

# पूर्व छात्रा संघ की कार्यकारिणी ने ली शपथ




गोहाना मुद्रिका, 3 जून : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को पूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि वी.सी. प्रो सुदेश और विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव रहे। डॉ. किरण कलकल ने अध्यक्ष, डॉ. सोनल बेनीवाल ने उपाध्यक्ष, डॉ मोनिका ने सचिव और डॉ. दीपमाला यादव ने सह-सचिव पद की शपथ ली।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने नई पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि पूर्व छात्राएं महिला विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर हैं। पूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती है,जो उन्हें करना चाहिए। बहुत बड़े प्रशासनिक पदों पर हमारी पूर्व छात्राएं बैठी है। उन्हें आगे आ कर अपनी छोटी बहनों को किसी न किसी रूप में सहयोग करना चाहिए। पूर्व छात्रा संघ की नई अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, वह बहन सुभाषिणी की डांट और दुलार की बदौलत है। जो संस्कार गुरुकुल समय में उनको मिले, उन्होंने जीवन को स्वर्ग बना दिया है।

एलुमनी सेल के निदेशक डॉ नरेश भार्गव के अनुसार कार्यकारिणी का चयन निर्विरोध हुआ । यह कार्यकारिणी दो साल तक काम करेगी। मंच संचालन डॉ महेश कौशिक ने किया।इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो संकेत विज, प्रो रवि भूषण, डॉ. नीलम मलिक, डॉ. कोकिला मलिक आदि भी मौजूद रहे।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय मे आयोजित हुआ भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह




## जन जागरण संदेश

**गोहाना / खानपुर कलां ( अनिल जिंदल )** 3 जून। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने शिरकत की तथा बतौर विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव कार्यक्रम में मौजूद रहे। भूतपूर्व छात्रा संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर होती है। वही छात्राएं समाज में अपने संस्थान से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के माध्यम से अपना योगदान देती है। कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती है,जो उन्हें करना चाहिए। आज बहुत सारी पूर्व छात्राएं देश-विदेश में महिला विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहीं है। बहुत बड़े प्रशासनिक पदों पर हमारी पूर्व छात्राएं बैठी है। प्रो सुदेश ने कहा कि अधिकारी के रूप में बैठी छात्राओं को आगे आ कर अपनी छोटी बहनों को किसी न किसी रूप में सहयोग करना चाहिए। कुलपति ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि भूतपूर्व छात्रा संघ निरंतर रूप से वर्तमान छात्राओं और संस्थान के विकास के लिए काम करता रहे। नवनिर्वाचित भूतपूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष डॉ किरण कलकल ने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर है वो बहन सुभाषिणी की डांट व दुलार की बदौलत है। जो संस्कार गुरुकुल समय में उनको मिले, उन्होंने जीवन को स्वर्ग बना दिया है। डॉ कलकल ने कुलपति प्रो सुदेश का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो भरोसा महिला विश्वविद्यालय ने उन पर दिखाया है,विश्वविद्यालय के विकास में उस भरोसे पर खरा उतरेंगी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय अलुमिनी सेल के निदेशक डॉ नरेश भार्गव ने बताया कि इस कार्यकारिणी का चयन निर्विरोध चुनाव के माध्यम से हुआ है। यह कार्यकारिणी दो साल तक काम करेगी। कार्यकारिणी में डॉ किरण कलकल अध्यक्ष और डॉ सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई है। वहीं डॉ मोनिका सचिव व डॉ दीपमाला यादव सह सचिव के रूप में निर्वाचित हुई है। मंच संचालन डॉ महेश कौशिक ने किया। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो संकेत विज, प्रो रवि भूषण, डॉ नीलम मलिक, डॉ कोकिला मलिक भी मौजूद रहे।




गोहाना। नई कार्यकारिणी के साथ कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# भूतपूर्व छात्राएं विवि की ब्रांड एम्बेसडर, संस्थान के लिए कर सकती हैं बहुत कुछ : प्रो. सुदेश

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार को भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विवि की ब्रांड एम्बेसडर होती हैं। भूतपूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं जो उन्हें करना चाहिए। आज बहुत सारी पूर्व छात्राएं देश-विदेश में महिला विवि का नाम रोशन कर रही हैं। विवि की पूर्व छात्राएं देश-विदेश में बहुत बड़े प्रशासनिक पदों पर बैठी हैं। प्रो. सुदेश ने कहा कि अधिकारी के रूप में बैठी छात्राओं को आगे आ कर अपनी छोटी बहनों को किसी न किसी रूप में सहयोग करना चाहिए। विवि अलुमिनी सेल के निदेशक डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि द्विवार्षिक कार्यकारिणी का चयन चुनाव के माध्यम से निर्विरोध हुआ। कार्यकारिणी में डॉ. किरण कलकल अध्यक्ष और डॉ. सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई। डॉ. मोनिका सचिव व डॉ. दीपमाला यादव सह सचिव निर्वाचित हुई। मंच संचालन डॉ. महेश कौशिक ने किया। इस अवसर पर महिला विवि के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. नीलम मलिक व डॉ. कोकिला मलिक मौजूद रहे।

# डा. किरण बनीं भूतपूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष



कुलपति प्रो. सुदेश के साथ डा. किरण और अन्य पदाधिकारी ● सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना** : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार को भूतपूर्व छात्रा संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश और विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव रहे। संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एंबेसडर होती है। वही छात्राएं समाज में अपने संस्थान से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के माध्यम से अपना योगदान देती है। भूतपूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती है, जो उन्हें करना चाहिए। संघ में डा. किरण कलकल को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर है वो बहन सुभाषिणी की डांट व दुलार की बदौलत है। विश्वविद्यालय अलुमिनी सेल के निदेशक डा. नरेश भार्गव के अनुसार डा. सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष, डा. मोनिका सचिव व डा. दीपमाला यादव सह सचिव निर्वाचित हुईं। मंच संचालन डा. महेश कौशिक ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डा. नीलम मलिक, डा. कोकिला मलिक रहे।

# बीपीएस महिला विवि में डॉ. किरण बनीं भूतपूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष

## मोनिका सचिव, सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष व सह सचिव दीपमाला बनीं

भास्कर न्यूज | गोहाना

बीपीएस महिला विवि में भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में डॉ. किरण कलकल अध्यक्ष, डॉ. सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष, डॉ. मोनिका सचिव व डॉ. दीपमाला यादव सह सचिव के रूप में निर्वाचित हुई है। विवि की एलुमिनी सेल के निदेशक डॉ. नरेश भार्गव के अनुसार कार्यकारिणी का चयन निर्विरोध चुनाव के माध्यम से हुआ है। यह कार्यकारिणी दो साल तक काम करेगी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कुलपति प्रो सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शपथ दिलाई।

प्रो. सुदेश ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विवि की ब्रांड एंबेसडर होती हैं। वहीं, छात्राएं समाज में अपने संस्थान से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के माध्यम से अपना योगदान भी देती हैं। वे अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं, जो उन्हें करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बहुत सी पूर्व छात्राएं देश-विदेश में महिला विवि का नाम रोशन कर रही है। इसके अलावा विभिन्न प्रशासनिक पदों पर पूर्व छात्राएं बैठी है। ऐसे में अधिकारी के रूप में बैठी छात्राओं को आगे आकर अपनी छोटी बहनों को किसी न किसी रूप में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने भूतपूर्व छात्रा संघ की कार्यकारिणी से भी आह्वान किया कि वे निरंतर रूप से वर्तमान छात्राओं और संस्थान के विकास के लिए काम करें। इस मौके पर डॉ. महेश कौशिक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. नीलम मलिक, डॉ. कोकिला मलिक आदि मौजूद रहे।